प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों में बांटा ऋण, दिल्ली मेट्रो के दो अतिरिक्त कॉरिडोर की रखी आधारशिला।
2. पूर्व आईएएस ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू होंगे भारत के नए चुनाव आयुक्त, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कमेटी ने की घोषणा, राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद होगी नियुक्ति।
3. झारखंड से राज्यसभा के लिए एनडीए के प्रदीप वर्मा और महागठबंधन के सरफराज अहमद निर्विरोध निर्वाचित, विधानसभा सचिव ने जारी की अधिसूचना।
4. केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने रांची में किया अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शहद टेस्टिंग लैब का शिलान्यास, कहा–हजारों शहद उत्पादक किसानों को मिलेंगे निर्यात के अवसर।
5. खेलमंत्री हफीजुल हसन ने राज्य में छह नए सेंटर फॉर एक्सीलेंस का किया उद्घाटन, चौदह नवनियुक्त प्रशिक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र।

******

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पीएम–स्वनिधि योजना रेहड़ी–पटरी वालों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है। उन्होंने आज दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को ऋण वितरित किये। उन्होंने कहा कि लोगों ने कोविड के दौरान रेहड़ी–पटरी वालों की ताकत देखी। उन्होंने रेहड़ी–पटरी वालों और सड़क किनारे के दुकानदारों को समाज में उनके योगदान के लिए बधाई दी।

******

पूर्व आईएएस ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधु भारत के नए चुनाव आयुक्त होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कमेटी ने बैठक के बाद इनके नामों की घोषणा की। चयन समिति की सिफारिश के बाद अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इनकी नियुक्ति करेंगी। नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन्नीस सौ अठासी बैच के आईएएस अधिकारी हैं और सहकारिता मंत्रालय में सचिव के पद से रिटायर हुए हैं। सुखबीर संधु भी उन्नीस सौ अठासी बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उत्तराखंड के मुख्य सचिव के पद से रिटायर हुए हैं।

******

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने गिरिडीह जिले के उदनाबाद में आज लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री ज्योति ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू जी का नौ लोगों का परिवार है, जबकि मोदी जी का 140 करोड़ का परिवार हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी अपने परिवार को घर, गैस सिलेंडर, शौचालय, अनाज देने का काम कर रहे हैं।

******

पलामू जिले में सखी वन स्टॉक सेंटर के माध्यम से एक ही जगह पर कई सुविधाएं उपलब्ध हो रही है।

झारखंड से राज्यसभा के लिए आज भाजपा से डॉ प्रदीप वर्मा और महागठबंधन से डॉ सरफराज अहमद निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं। विधानसभा के सचिव सैयद जावेद हैदर ने इसकी घोषणा की। अब दोनों उम्मीदवार बगैर चुनाव लड़े ही राज्यसभा जायेंगे। इससे पहले 11 मार्च को प्रदीप वर्मा और सरफराज अहमद ने नामांकन किया था। मुंबई के व्यवसायी हरिहर महापात्र ने भी नामांकन के लिए पर्चा खरीदा था. लेकिन नॉमिनेशन नहीं किया।

******

केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज रांची के नामकुम स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शहद टेस्टिंग लैब का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के हनी हब बनने से शहद उत्पादक हजारों किसानों को घरेलू बाजार के साथ ही निर्यात के अवसर भी मिलेंगे।

******

खेलमंत्री हफीजुल हसन ने प्रोजेक्ट भवन में आज खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को खेल साम्रगी का वितरण किया। खिलाड़ियों के बीच तीरंदाजी, कराटे, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, फुटबॉल और एथलेटिक्स के लिए किट बांटे गए। इस दौरान नवनियुक्त प्रशिक्षकों और जिला खेल को–ऑर्डिनेटर्स को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। मंत्री ने छह नए सेंटर फॉर एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। इनमें फुटबॉल के लिए बिरसा मुंडा स्टेडियम रांची और धनबाद, एथलेटिक्स के लिए चंदनकियारी, कुश्ती और बैडमिंटन के लिए मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स होटवार, रांची प्रमुख हैं।

******

एनटीपीसी उत्तरी कर्णपुरा बैडमिंटन प्रतियोगिता आईआरएसएम ईआर–टू की मेजबानी कर रहा है। इसका उद्घाटन एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा के उत्पादन प्रमुख स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने किया। इस प्रतियोगिता में मेजबान के अलावा असम, ओड़िशा और क्षेत्र की पांच प्रमुख टीमें, बोंगाईगांव, दरलीपल्ली, तालचर थर्मल और तालचर कनिहा की टीमें शामिल हो रही हैं।

******

पश्चिमी सिंहभूम जिले के न्यायालयों में लंबित पारिवारिक वादों के त्वरित निपटारे के लिए अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******

और अब संक्षिप्त खबरें

- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज सरायकेला–खरसावां के बिरबांस गांव पहुंचकर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. दुर्गा प्रसाद नायक के परिजनों से मुलाकात की। कुछ दिन पहले ही दुर्गा प्रसाद का निधन हुआ था।
- चतरा नगर परिषद ने नोटिस मिलने के बाद भी होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों का बैंक खाता फ्रीज करने को कहा है। नगर परिषद् ने 15 बड़े बकायेदारों को चिन्हित किया है, जिनका खाता फ्रीज किया जाना है।
- पाकुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर थाने की पुलिस ने हरिनडांगा बाजार के अजमेरीटोला में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध लॉटरी के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।
- गढ़वा जिले के रंका थाना के कुदरूम गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की लाठी से पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
- लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के नारी धुर्वा मोड़–पाखर मुख्य सड़क पर दोमुंहा मोड़ पर ट्रैक्टर पलटने से उसके ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रैक्टर पर डीजे लदा था। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

******समाप्त******